शरीर रचना विभाग

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर (राजस्थान)

स्वेच्छिक देहदान

प्रश्नः मृत्यु होने पर परिवाजनो को क्या करना चाहिए ?

उत्तर मृत्यु होने पर परिवारजनों को सर्वप्रथम रूई से मृत देह के नाक और कान को बन्द कर देना चाहिए और इसके पश्चात् जल्दी से जल्दी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञाान संस्थान, जोधपुर (राजस्थान) के शरीर रचना विभाग को निम्नलिखित नम्बरो में से किसी एक नम्बर पर सूचित करना चाहिएः–

1. डॉ. सुरजीत घटक +91-8003996868
2. डॉ. आशीष कुमार नय्यर +91-8003996928
3. डॉ. दुष्यन्त अग्रवाल +91-8003996944

प्रश्नः देहदान के लिए वाहन का प्रबन्ध किसे करना चाहिए ?

उत्तर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर (राजस्थान) के शरीर रचना विभाग को सूचित करने के पश्चात् मृत देह को आपको अपने स्तर पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर (राजस्थान) के शरीर रचना विभाग को सुपुर्द करना होगा। **वाहन का खर्चा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर (राजस्थान) के शरीर रचना विभाग वहन करेगा।**

प्रश्नः देहदान करने के समय किन दस्तावेजो की आवश्यकता होती है ?

उत्तर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर (राजस्थान) के शरीर रचना विभाग को देहदान करने के समय निम्नलिखित दस्तावेजो की आवश्यकता होगीः–

तत्काल आवश्यक दस्तावेजः–

1. मृतक के पहचान पत्र की फोटोप्रति
2. मृतक की पारपत्र साईज आकार की 2 फोटो (Passport Size)
3. मृतक के दाता का पहचान पत्र की फोटोप्रति
4. मृतक के दाता की पारपत्र साईज आकार की 2 फोटो (Passport Size)
5. डॉक्टर /अस्पताल द्वारा जारी किया गया मृत्यु प्रमाण पत्र

15 दिन के अन्दर आवश्यक दस्तावेजः–

1. देहदान की घोषणा हेतु शपथ पत्र **(दस रूपये के स्टाम्प पेपर पर नोटेरी द्वारा सत्यापित)**
2. नगर निगम द्वारा जारी किया गया मृत्यु प्रमाण पत्र

प्रश्नः किस प्रकार की देहदान नही करनी चाहिए ?

उत्तर निम्नलिखित प्रकार की देहदान नहीं करनी चाहिएः–

1. गली–सड़ी –जली हुई देह
2. एच.आई.वी, हेपेटाईटिस बी, रेबीज, तथा अन्य संक्रमित देह
3. मेडिको लिगल देह/पोस्ट मार्टम के बाद की देह
4. कटी हुई या भंग हुई देह

आशा है कि हमारे द्वारा दी गई जानकारी आपके लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। इसके पश्चात् भी अगर आपका कोई प्रश्न हो तो आप निःसंकोच **अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर (राजस्थान)** के शरीर रचना विभाग से सम्पर्क कर सकते है। हमे आपके सभी प्रश्नो के उत्तर देने में खुशी होगी।

विभागाध्यक्ष
शरीर रचना विभाग
अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर (राजस्थान)